हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

10 195 अस्पताल में लगा शिविर, 2227 लोगों की हुई ...



10 वनों को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों को किया ...





# बोर्ड परीक्षा छात्र की काबिलियत की अंतिम कसौटी नहीं, आत्मविश्वास का है मूल्यांकन : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में शिक्षा सत्र 2025-26 की सबसे महत्वपूर्ण घड़ी नजदीक है। 20 फरवरी से प्रारंभ हो रही कक्षा 10 वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों से भावनात्मक और प्रेरणादायी अपील करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा जीवन का अंत नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और धैर्य की एक महत्वपूर्ण कसौटी है।

शिक्षा सत्र 2025-26 के अंतर्गत जिले में 20 फरवरी से कक्षा 10 वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही हैं। इन परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों में स्वाभाविक रूप से उत्सुकता और तनाव का माहौल रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों के नाम एक प्रेरक संदेश जारी किया है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से कहा कि बोर्ड परीक्षा किसी भी छात्र की काबिलियत की अंतिम कसौटी नहीं होती। यह केवल उनकी तैयारी, अनुशासन और धैर्य की परीक्षा है। प्रत्येक विद्यार्थी किसी न किसी विशेष प्रतिभा के साथ जन्म लेता है, आवश्यकता है उस प्रतिभा को पहचानने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि शांत मन से परीक्षा दें, क्योंकि जो विद्यार्थी स्वयं पर विश्वास रखता है, वही सही निर्णय और सही उत्तर ▶▶|शेष पेज 10 पर

## दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा 20 से

### शिक्षकों से की अपील

शिक्षकों से भी कलेक्टर ने विशेष अपील की कि वे केवल विषय पढ़ाने तक सीमित न रहें, बल्कि छात्रों के मनोबल को भी मजबूत करें। किसी भी कमजोर छात्र को नजरअंदाज न किया जाए। समझ में क्यों नहीं आता पूछने के बजाय कहां मदद चाहिए पूछें। शिक्षक का एक सकारात्मक शब्द किसी छात्र के भविष्य को नई दिशा दे सकता है।



### पालकों से की अपील

पालकों से अपील करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यह समय केवल बच्चों की ही नहीं, बल्कि माता-पिता की भी परीक्षा का है। बच्चों पर अंकों का दबाव न बनाएं, बल्कि उनका मनोबल बढ़ाएं। डांटने के बजाय संवाद करें और तुलना करने के बजाय भरोसा दें। यदि बच्चा चुप है या तनाव में दिखे, तो उसे डांटने के बजाय उसके पास बैठकर उसकी बात समझने का प्रयास करें। एक सकारात्मक, सुरक्षित और सहयोगी पारिवारिक वातावरण बच्चों के लिए आधी तैयारी के समान होता है।

## खबर संक्षेप



### मारपीट से पत्नी गंभीर, शराबी पति के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है। शराब के नशे में घरेलू बातों को लेकर पति ने अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। रोजाना की प्रताड़ना से परेशान महिला ने थाना भानुप्रतापपुर में घरेलू हिंसा की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति, ससुर, जेठ और जेठानी के साथ रहती है तथा परिवार खेती-किसानी का काम करता है। महिला के अनुसार 29 जनवरी को वह बाजार से चिकन खरीदने गई थी। घर लौटकर उसने चिकन पकाया और बच्चों व ससुर को खाना खिलाने के बाद सो गई थी। इसी दौरान 29 जनवरी की शाम लगभग 7 बजे उसका पति डोमार सिंह भुआर्य शराब के नशे में घर पहुंचा और घरेलू बातों को लेकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। इसके बाद आरोपी ने हाथ-मुक्कों और टांगिया के बट से महिला के साथ बेरहमी से मारपीट की। मारपीट के कारण पीड़िता के बाएं आंख और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति डोमार सिंह भुआर्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने प्रकरण को विवेचना में लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पीएम की परीक्षा पे चर्चा को ऑनलाइन प्रसारण के निर्देश

**कांकेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा 2026 के तहत बोर्ड परीक्षाओं से पहले विद्यार्थियों को तनावमुक्त, निर्भीक और आत्मविश्वासी बनाने आगामी 06 फरवरी को संबोधित किया जाएगा। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी शासकीय शैक्षणिक संस्थानों को इसके ऑनलाइन प्रसारण के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से ऑनलाइन माध्यम से प्रारंभ किया जाएगा।

### घायल का इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के संजय कोर्राम का इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में 23 जनवरी को गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दुर्घटना में हुई मौत की विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत मरदापोटी निवासी 25 वर्षीय दुर्गेश कुमेटी पिता मेघनाथ कुमेटी को गंभीर चोट आने से मौत हो गया। मरदापोटी निवासी 30 वर्षीय अनिल सलाम ने पुलिस को बताया कि दुर्गेश कुमेटी 3 फरवरी को चनार के पुलिया पास एक्सीडेंट हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 7 लीटर महुआ शराब बरामद

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर पुलिस ने 4 फरवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए भानुप्रतापपुर नयापारा निवासी 45 वर्षीय रूपसिंह भेडिया पिता सोनसाय के कब्जे 7 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। जप्त शराब की कीमत एक हजार पचास रूपएं है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## दहशत : पुलिस ने मृतक के कंकाल को पीएम के लिए किया एकत्र

# डोंगरी में ग्रामीण का शव मिलने से फैली दहशत व वन्य पशु के हमले की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

कोरर थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्री स्थित झंडी डोंगरी पहाड़ी से सामने आई एक दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है। यहां एक ग्रामीण का नर कंकाल मिलने के साथ-साथ सिर धड़ से अलग अवस्था में पाया गया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह घटना स्थानीय लोगों के लिए इसलिए भी चौंकाने वाली है। झंडी डोंगरी पहाड़ी में मिले मृतक की पहचान भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोर्रामपारा निवासी 52 वर्षीय दयालु राम पारधी पिता चमरू राम के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दयालु राम पारधी कुछ दिन पहले अपने दामाद बिसाहूराम पारधी के घर ग्राम कुर्री आए हुए थे। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार की शाम वह घर से बांस लाने के लिए झंडी डोंगरी पहाड़ी की ओर निकले थे, लेकिन उसके बाद वह वापिस घर नहीं लौटे। कई दिनों तक जब उनका कोई पता नहीं चला तो परिजन चिंतित हो उठे। बुधवार को मृतक की बेटी गीता पारधी और ▶▶|शेष पेज 10 पर

- पुलिस और वन विभाग के आला अफसरों ने कहा कि जाँच के बाद मिलने वाली रिपोर्ट के बाद होगी तस्वीर साफ

### वन विभाग ने डोंगरी में जंगली जानवर के सबूत एकत्र करने का किया प्रयास



### वन विभाग भी सक्रिय नजर आया

घटनास्थल की स्थिति को देखकर प्रथम दृष्टया यह मामला जंगली जानवर के हमले का प्रतीत हो रहा है। जिस तरह से शव के अंग अलग-अलग स्थानों पर मिले हैं, उससे आशंका जताई जा रही है कि किसी हिंसक वन्य प्राणी ने हमला किया होगा। वन विभाग की टीम परिक्षेत्र अधिकारी कोरर बीएल सुरोजिया, डिप्टी रेंजर परमेश्वर सार्वा, चंद्रहास नेताम, बैजनपुरी और भानबेड़ा के सर्किल स्टॉप ने मृतक के मिले कंकाल स्थल के पास से जंगली जानवर से संबंधित कुछ सबूत एकत्र किया है और उसकी जाँच के लिए भेजा गया है।

### कपड़ों से हुई मृतक की पहचान

कोरर थाना पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान कपड़ों के आधार पर की गई है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई के बाद शव के अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की जा रही है, ताकि किसी भी अन्य संभावना को नकारा या पुष्टि किया जा सके।



# पति की गैरमौजूदगी में चार लोगों ने महिला को पीटा, गला दबाकर मारने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ढेकुना से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां घर में अधिकार जमाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। ससुराल पक्ष के चार लोगों ने मिलकर महिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर कांकेर थाना पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना न सिर्फ पारिवारिक रिश्तों में बढ़ती कड़वाहट को उजागर करती है, बल्कि महिलाओं की घरेलू सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करती है।

जानकारी के अनुसार कांकेर थानांतर्गत ग्राम ढेकुना निवासी 37 वर्षीय चोमेश्वरी जैन पति केशव प्रसाद जैन ने थाना कांकेर पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में महिला ने बताया कि 1 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसके मंझले ससुर सीताराम जैन, उसका बेटा नरातंक जैन, शेखर जैन और बहु पावर्ती जैन उसके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने मिलकर केशव प्रसाद जैन के बारे में पूछताछ की और कहा कि केशव कहाँ गया है, उसे बुलाओ। महिला चोमेश्वरी ने बताया कि उसे अपने पति के जाने की जानकारी नहीं है, तो इस बात पर ससुर सीताराम जैन आगबबूला हो गया। उसने महिला को गालियां देते हुए कहा कि तेरा इस घर में कोई अधिकार नहीं है, इस घर में मेरा अधिकार है और मैं अपना अधिकार लेकर रहूंगा। पीड़िता ने जब शांति से जवाब देते हुए कहा कि जो भी बात करनी है, वह उसके पति के आने पर करें, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगे। महिला के बाल पकड़कर जोर-जोर से खींचे गए। इस दौरान पावर्ती जैन ने उसका गला दबाते हुए ▶▶|शेष पेज 10 पर



- ससुराल पक्ष के लोगों ने जमीन विवाद को लेकर की हिंसा

# बिल्ली को मारने पर हुए विवाद पर युवक पर लकड़ी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम संबलपुर में बिल्ली को मारने की बात को लेकर दो व्यक्तियों के बीच विवाद हो गया। यह विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति ने घटना की शिकायत भानुप्रतापपुर थाना में दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम संबलपुर निवासी 40 वर्षीय सालिक राम भुआर्य पिता चंदन सिंह भुआर्य ने पुलिस को बताया कि वह चाय की दुकान बंद कर अपने घर वापिस जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसने देखा कि मोतीलाल रावटे बिल्ली को मारने के उद्देश्य से जलती हुई लकड़ी लेकर बिल्ली पर हमला कर रहा था। सालिकराम ने जब इसका विरोध करते हुए पूछा कि वह बिल्ली को क्यों मार रहा है, तो इसी बात को लेकर मोतीलाल रावटे उससे विवाद करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर मोतीलाल रावटे ने सालिक राम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दिया, जब सालिक राम ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने आग की लकड़ी से उस पर हमला कर दिया। इस हमले में सालिक राम के ▶▶|शेष पेज 10 पर






## नेशनल लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

**कांकेर।** नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत लगाया जाएगा। आयोजन के लिए जिला न्यायालय कांकेर में अधिवक्ता संघ के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजीनामा एवं समझौते योग्य लंबित प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिकतम संख्या में निराकृत किए जाने पर विशेष बल दिया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा अधिवक्ताओं से अव्हान किया कि वे अपने पक्षकारों को समझाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों को समय पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए।

# स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी मंदसौर से गिरफ्तार व जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पखांजुर पुलिस ने संवेदनशीलता और सख्ती का परिचय देते हुए स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार 4 फरवरी को प्रार्थी ने थाना पखांजुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी भांजी, जिनके माता-पिता का पूर्व में स्वर्गवास हो चुका है, उसके यहां रहकर पढ़ाई कर रही है। घटना के दिन पीड़िता रोज की तरह अन्य छात्राओं के साथ पैदल स्कूल गई थी। स्कूल से छुट्टी के बाद शाम करीब सवा चार बजे जब वह सहेलियों के साथ घर लौट रही थी, तभी मेन रोड पर एक फेरी वाले ने मोटर साइकिल अचानक सामने लगाकर उसे जबरन बैठने के लिए कहा। पीड़िता के इंकार करने और चुप रहने पर आरोपी ने उसके साथ अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। भय के कारण छात्रा वहीं खड़ी रह गई, जबकि आरोपी कुछ दूरी पर खड़ा होकर उसका इंतजार करता रहा। इसी दौरान गांव के लोगों के पहुंचने पर पीड़िता ने पूरी घटना उन्हें बताई, जिसके बाद आरोपी मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। रिपोर्ट के आधार पर थाना पखांजुर में अपराध क्रमांक 32/2026, धारा 126(2), 74, 75 बीएनएस एवं 12 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर रात में ही फेरी वालों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। जांच के दौरान आरोपी की पहचान मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले ▶▶|शेष पेज 10 पर



## विधायक के प्रयासों से संचार सुविधाओं से जुड़ेंगे नेटवर्क विहीन गांव

# नरहरपुर क्षेत्र में नेटवर्क होगा चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/सरोना

विधानसभा कांकेर के विधायक आशाराम नेताम के सतत और प्रभावी प्रयासों से नरहरपुर विकासखंड क्षेत्र में 16 मोबाइल टावरों की स्वीकृति मिली है। इस महत्वपूर्ण पहल से अब दूरस्थ और आदिवासी बहुल गांवों में संचार सुविधा सशक्त होगी और ग्रामीणों का डिजिटल दुनिया से सीधा जुड़ाव संभव हो सकेगा। वर्षों से मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे नरहरपुर विकासखंड के ग्रामीण अंचलों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है।

विधायक आशाराम नेताम की पहल पर जिन गांवों में मोबाइल टावर स्वीकृत किए गए हैं, उनमें बहानापानी में दो टावर, दबेना, दबेना जंगलपारा, डुड़मबहारा, खदरवाही, मारमपानी, माड़वड़ी, मसुलपानी, पथरीनारा, धनेशरा, गटागुडुम, खलारी, मडारादरहा, सोनपुर एवं तिरीयारपानी शामिल हैं। यह सभी गांव लंबे समय से कमजोर नेटवर्क या पूरी तरह से नेटवर्क विहीन स्थिति का सामना कर रहे थे। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की कमी के कारण विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई, युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार से जुड़ी जानकारी, किसानों को मौसम व सरकारी योजनाओं की सूचना तथा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं से संपर्क करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार आपात परिस्थितियों में भी लोगों को अपनों से संपर्क साधने में परेशानी होती थी। मोबाइल टावरों की स्वीकृति को ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि नेटवर्क के अभाव में वे डिजिटल सेवाओं से वंचित थे, लेकिन अब संचार व्यवस्था मजबूत होने से डिजिटल इंडिया अभियान को भी गांवों में मजबूती मिलेगी। ऑनलाइन सेवाएं, बैंकिंग, टेलीमेडिसिन, शिक्षा और सरकारी योजनाओं की जानकारी अब आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

**हजारों ग्रामीणों को अब मिलेगी सुविधा-** इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि नरहरपुर विकासखंड के कई गांव आज भी संचार सुविधाओं से वंचित थे। ग्रामीणों की मांग और जरूरतों को देखते हुए उन्होंने लगातार शासन स्तर पर प्रयास किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में मोबाइल नेटवर्क बुनियादी आवश्यकता बन चुका है और इसके बिना ▶▶|शेष पेज 10 पर

### 16 मोबाइल टावरों की मिली गई सौगात






# मर्रामपानी 8 से देवमेला तैयारी अंतिम चरण में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखँड दुर्गूकोंदल के ग्राम मर्रामपानी में 8 एवं 9 तारीख को आयोजित होने वाले दो दिवसीय वार्षिक देव मेला को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामवासी इन दिनों मेला स्थल पर साफ-सफाई कार्य में जुटे हुए हैं। साफ-सफाई अभियान ग्राम पटेल लालजी राम कल्लो एवं ग्राम गायता देवजी राम कल्लो के मार्गदर्शन में किया गया। ग्रामवासियों ने बताया कि इस बार मेले में लाइट एवं पानी की व्यवस्था भी पहले से सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही आसपास के देवी-देवताओं को भी आमंत्रित किया गया है। देव मेले में मनोरंजन के लिए लोक छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ज्ञान के पूजा की शानदार प्रस्तुति भी रखी गई है।

## खबर संक्षेप

### देवपुर में निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 से

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर का वार्षिक सम्मेलन 21 व 22 फरवरी को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में रखा गया है। वार्षिक सम्मेलन में नवनिर्वाचित पाली पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण, सामाजिक प्रकरणों का निपटारा तथा कोषाध्यक्ष द्वारा सालभर के आय-व्यय की जानकारी दी जायेगी। सम्मेलन की तैयारी में पाली पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### ऋण वसूली शिविर 6 से 27 फरवरी तक

**धमतरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित राष्ट्रीय निगम की योजनाओं में लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने के लिए 6 से 27 फरवरी तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी ने बताया कि 6 फरवरी को जनपद पंचायत भवन कुरूद, 17 फरवरी को कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी कक्ष में, 20 फरवरी को जनपद पंचायत भवन मगरलोड और 27 फरवरी को अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी में शिविर लगाए जाएंगे। दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित इन शिविरों में हितग्राहियों को किस्त राशि जमा कर रसीद प्राप्त करने और दाण्डिक ब्याज से बचने के लिए ऋण की संपूर्ण बकाया राशि अदा करने की अपील की गई है।

### माय भारत बजट क्वेस्ट कार्यक्रम युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**कांकेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माय भारत पोर्टल के माध्यम से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 नामक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 की जानकारी देना, उनकी वैचारिक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का विकास करना तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ना है। यह कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में जिला स्तर पर माय भारत पोर्टल के माध्यम से केंद्रीय बजट 2026 पर आधारित ऑनलाइन क्विज़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। द्वितीय चरण में चयनित प्रतिभागियों के लिए 8 निर्धारित विषयों पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि यह है कि दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित युवाओं को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधा संवाद करने का गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त होगा। इस संबंध में माय भारत कांकेर उपनिदेशक ने जिलों के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व की पहल में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें तथा माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से भी छात्रों एवं युवाओं को इस कार्यक्रम के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया है।

# 195 अस्पताल में लगा शिविर, 2227 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत एस्पिरेशनल जिले में मुख, स्तन एवं ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। जिले के 173 उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 2227 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। एस्पिरेशनल ब्लॉक माकड़ी की 34 संस्थाओं में 443 लोगों का कैंसर स्क्रीनिंग किया गया।

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला कोण्डागांव में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर के प्रति जन–जागरुकता बढाना, शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित करना एवं समय पर उपचार के लिए स्वास्थ्य सेवाओं से लोगों को जोड़ना था। इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस की थीम के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला नोडल अधिकारी गैर संचारी रोग कार्यक्रम डॉ. ममता ठाकुर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना माहलवार के नेतृत्व में जिला एवं विकासखंड स्तर पर विविध गतिविधियाँ संपन्न हुईं।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर एवं पुरुषों में मुख कैंसर के प्रति जागरुकता, बचाव एवं उपचार की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी ने कहा कि कैंसर कोई अंत नहीं बल्कि एक चुनौती है, जिसे जन–जागरुकता, समय पर जांच एवं सही इलाज से हराया जा सकता है। कैंसर से डरने की नहीं, बल्कि मिलकर उससे लड़ने की आवश्यकता है।

**विश्व कैंसर दिवस पर संपूर्णता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर व जागरुकता कार्यक्रम**





**विविध गतिविधियों का आयोजन** – कैंसर के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए सामूहिक चर्चा, ऑडियो–वीडियो प्रचार, व्यक्तिगत संवाद, स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम, स्लोगन लेखन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में तंबाकू मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित कैंसर जांच कराने का संकल्प लिया गया।

### गांवों एवं हाट-बाजारों में कला जत्था व दीवार लेखन से भी फैलाएंगे जनजागरुकता

# वनों को आग से बचाने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक, दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



ग्रीष्मकाल के दौरान संभावित वनाग्नि की रोकथाम एवं वनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोगों को जागरूक किया गया। जिले में वनों को आग से बचाने के लिए केशकाल वन मण्डल अंतर्गत फरसगांव में स्थित निस्तार डिपो में गुरुवार को केशकाल वनमण्डलाधिकारी दिव्या गौतम और फरसगांव उप वन मण्डलाधिकारी एन के सिन्हा, केशकाल उप वन मण्डलाधिकारी सुषमा जे नेताम सहित सभी रेंजरों व वनकर्मियों की उपस्थिति में एक दिवसीय वन मण्डल स्तरीय अग्नि बचाव कार्यशाला एवं जन-जागरुकता अभियान का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। अग्नि पहरी ,वन प्रबन्धन समितियों के लोगों को प्रॉजेक्टर के माध्यम से वनों को आग से बचाने के बारे में बताकर जागरूक किया गया।

■ फरसगांव में वन मण्डल स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला

**आग की घटना नहीं होने पर मिलेगा ईनाम :** इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी केशकाल दिव्या गौतम ने कहा कि "वनाग्नि से न केवल वन संपदा को अपूरणीय क्षति होती है, बल्कि जैव विविधता, वन्यप्राणी एवं ग्रामीणों की आजीविका भी प्रभावित होती है। वनों की सुरक्षा केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। गांवों एवं हाट-बाजारों में कला जत्था एवं दीवार लेखन के माध्यम से आमजन को जागरूक कर हम वनाग्नि की घटनाओं में प्रभावी कमी ला सकते हैं।" उन्होंने अग्नि पहरियों से कहा है कि जिस क्षेत्र में अग्नि की घटना शून्य रहेगी तो उसे 5001 हजार रुपये नकद पुरस्कार देंगे। इस कार्यशाला एवं जागरूकता कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि , वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, वन प्रबन्धन समितियों, अग्नि पहरी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**अन्य माध्यमों से भी करेंगे जागरूक :** इस अभियान के अंतर्गत वन मण्डल क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं साप्ताहिक हाट-बाजारों में कला जत्था के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, लोकगीत एवं संवादात्मक प्रस्तुतियां आयोजित की जायेगी, ताकि आमजन को वनाग्नि से होने वाले दुष्परिणामों तथा उससे बचाव के उपायों की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से मिल सके।

साथ ही, दीवार लेखन के माध्यम से "वनों में आग न लगाएं", "वन हमारी अमूल्य धरोहर हैं", "बीड़ी-सिगरेट जलाकर न फेंकें" एवं "आग की सूचना तुरंत दें" जैसे संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

#### जनभागीदारी के माध्यम से सुरक्षित रखेंगे

वही फरसगांव उप वन मण्डलाधिकारी एन के सिन्हा ने कहा कि विशेष रूप से महुआ, तेंदूपत्ता एवं अन्य वनोपज संग्रहण के दौरान आग का प्रयोग न करने तथा किसी भी प्रकार की वनाग्नि की सूचना तत्काल निकटतम वन कार्यालय या वनकर्मी को देने की अपील की गई। केशकाल उप मण्डलाधिकारी सुषमा जे नेताम द्वारा बताया गया कि अग्नि मौसम के दौरान यह जन-जागरूकता अभियान केशकाल वन मण्डल क्षेत्र में निरंतर संचालित किया जाएगा, जिससे जनभागीदारी के माध्यम से वनों को आग से सुरक्षित रखा जा सके। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने वनों की सुरक्षा एवं वनाग्नि रोकथाम हेतु सक्रिय सहयोग करने का संकल्प लिया।

# सांस्कृतिक भवन में मनाया गया छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती के उपलक्ष्य में 03 फरवरी को सांस्कृतिक भवन नरहरपुर में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन की गरिमा और भी बढ़ गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश पटेल ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना से लेकर अब तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ने अपने 25 वर्षों के सफर में सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और इसमें आम जनता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। आयोजन में कुशल ध्रुव, पंचराम साहू, डॉ. लक्ष्मण शुक्ला, रमेश कुमार सिदार, हेमंत कोसमा तथा नारायण सिंह निषाद शामिल रहे। वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए छत्तीसगढ़ की स्थापना के शुरुआती दौर की स्मृतियों को भी याद किया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परंपरा एवं गौरवशाली इतिहास को प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। आयोजन स्थल पर उत्सव का माहौल बना रहा और लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पार्षद एवं भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता मुकेश संचेती, शिवचरण मांडवी, नरसोंबाई तथा गोदावरी विश्वकर्मा की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, आपसी भाईचारे और विकास की दिशा में हुए प्रयासों की सराहना की।

# सेवानिवृत्त पंचायत सचिव कपिल यादव को ससम्मान दी गई विदाई

**सरोना।** जनपद पंचायत नरहरपुर में पंचायत सचिव कपिल यादव के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत सचिवों ने उनके दीर्घकालीन सेवाकाल को याद करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया।




विदाई कार्यक्रम के पश्चात जनपद पंचायत नरहरपुर के अधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उनके गृह ग्राम ठेमा बसापतर पहुंचे, जहां उन्हें धूमधाम से गांव तक छोड़ा गया। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भी उनका आत्मीय स्वागत किया गया। पूरे माहौल में सम्मान, अपनापन और भावनाओं की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुखदेव ने कहा कि पंचायत सचिव कपिल यादव ने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया। जनपद अध्यक्ष सोमन कांवड़े ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से पंचायतों को निरंतर लाभ मिला है। कार्यक्रम में सरपंच संघ अध्यक्ष संदिप कुंजाम, सचिव संघ अध्यक्ष संजय काल्याहारी सहित अनेक वरिष्ठ सचिवों एवं कर्मचारियों ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि कपिल यादव का व्यवहार सरल, सहयोगी और अनुशासित रहा है, जिससे सभी को उनके साथ काम करने में सहजता महसूस होती थी। इस अवसर पर सचिव मनीराम सलाम, प्रभुराम मंडावी, विष्णु सिन्हा, भागेश साहू, अभिषेक पटेल, दिनेश भूआर्य, प्रफुल्ल साहू, हीरा नेताम, दयालु खंडा, कमलेश कुमार जुरी, मनूराम नेताम, यशवंत जैन, फरस भास्कर, कन्हैयालाल साहू, रमेशकुमार पटेल, अनिरुद्ध जैन, धरमचंद सोनबेर, हिरदेलाल जैन, मनीराम कोराम, बालीराम भास्कर, धानीराम कुंजाम, श्यामसाय नरेटी, ब्रिजलाल मरकाम, संतोष कुमार लोनहारे, नैन देवांगन, मीना सिन्हा, बिनेशवरी मरकाम सहित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### आवास एवं रोजगार दिवस पंचायत और जनपद स्तर पर 7 को मनाएंगे

**भानुप्रतापपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अंतर्गत चावल महोत्सव के अवसर पर ग्राम पंचायत स्तर एवं जनपद पंचायत स्तर पर ग्राम के सरपंच, उप सरपंच वार्ड पंच जनपद सदस्य जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में तथा गांव के गाता पटेल मांझी के सहयोग से चावल उत्सव के इस अवसर पर रोजगार दिवस एवं आवास दिवस मनाया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जाएगा। 125 दोनों का रोजगार समय पर मजदूरी भुगतान और विकास कार्यों से गांव आत्मनिर्भर बनेंगे।

सभी गरीब परिवार को सम्मानजनक जीवन यापन के लिए पक्के आवास का अवसर व लाभ प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास के समस्त स्वीकृत कार्य प्रारंभ होने पर 95 दिवस का मास्टर रोल के माध्यम से रोजगार देते हुए मजदूरी भुगतान किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण श्रमिकों को योजना के प्रमुख लाभों से अवगत कराया जाना है और उनसे सीधा संवाद स्थापित करना है। रोजगार भी विकास भी के नारे के साथ छत्तीसगढ़ में विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण यानी वीबी राम जी योजना ग्रामीण श्रमिकों को मजबूत बनाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह योजना मनरेगा की जगह लेते हुए ग्रामीण परिवारों को अधिक से अधिक रोजगार बेहतर आए और स्थाई विकास के अवसर प्रदान करेगी।

# विधायक ने ग्राम किबई बालेंगा में 64 छात्राओं को बांटी नि:शुल्क सायकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र की विधायक लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम किबई बालेंगा में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड कोण्डागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किबई बालेंगा की 64 छात्राओं को राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकल एवं खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

■ सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकल व खेल सामग्री वितरण



#### सीसी रोड का उसेंडी ने किया भूमिपूजन

कार्यक्रम के दौरान विधायक सुश्री उसेंडी ने ग्राम पंचायत किबई बालेंगा गंगामुण्डा में 5 लाख 20 हजार रुपये की लागत से बनने वाली 200 मीटर सीसी सड़क का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। सायकल योजना से ग्रामीण क्षेत्रें की छात्राओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी उपस्थिति बढ़ेगी और वे उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# जिपं सीईओ ने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता को जांचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने विकासखण्ड कोण्डागांव के ग्राम पंचायत गिरोला अंतर्गत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन आवासों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवास निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपयोग की जा रही सामग्री की मौके पर जांच की। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने आवास हितग्राही श्रीमती हिरामती, मेहरारिन, सावित्री एवं दशाय से सीधे बातचीत कर निर्माण कार्य की स्थिति एवं आ रही समस्याओं की जानकारी ली।

संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत प्रतिनिधियों एवं तकनीकी अमले को अपूर्ण एवं धीमी गति से चल रहे आवासों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव विद्या देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

## पेज 9 के शेष

### बोर्ड परीक्षा छात्र की ....

दे पाता है। घबराहट, डर और आत्म-संदेह से दूर रहकर पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नपत्र हल करें। कलेक्टर ने यह भी आश्वस्त किया कि परीक्षा केंद्रों पर शांत वातावरण, पारदर्शी व्यवस्था और विद्यार्थियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा, ताकि छात्र बिना किसी दबाव के अपनी परीक्षा दे सकें।

### डोंगरी में ग्रामीण....

दामाद बिसाहू राम पारधी जब झंडी डोंगरी की ओर जलाऊ लकड़ी लेने गए, तो वहां का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। पहाड़ी क्षेत्र में मृतक के कपड़े और सिर दिखाई दिए। आसपास तलाशी लेने पर हाथ, पैर और दांत अलग-अलग स्थानों पर बिखरे हुए मिले। मृतक के बेटी-दामाद गांव लौटे और ग्राम पंचायत कुर्री के सरपंच प्रदीप कोरेटी को पूरे मामले से अवगत कराया। सरपंच ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और कोरर थाना पुलिस को इसकी जानकारी दिया। ग्रामीणों की मानें तो इस डोंगरी में तेंदुआ ने कई बार दस्तक दिया है, इसलिए गांव वाले आशंका जता रहे है कि जंगली जानवर में तेंदुआ ने मृतक को शिकार बनाया होगा। पुलिस और वन विभाग अमला का यहीं कहना है कि मामले की जाँच जारी है, जाँच के बाद ही कुछ खुलासा हो पाएगा।

### पति की गैरमौजूदगी ....

जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट के कारण पीड़िता के गले, पीठ और कंधे में चोट आई है और घटना से महिला मानसिक रूप से भी बेहद आहत है। महिला की शिकायत पर कांकेर थाना पुलिस ने आरोपी सीताराम जैन, नरातंक जैन, शेखर जैन और पावर्ती जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### बिल्ली को मारने पर ....

आंख के ऊपर गंभीर चोट आई, जिससे अत्यधिक खून बहने लगा। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल को संभाला और बाद में उसने थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई।

शिकायत के आधार पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी 40 वर्षीय मोतीलाल रावटे, पिता स्वर्गीय मोहन रावटे, के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 (2) एवं 296 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने प्रकरण को विवेचना में लेते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है।

### स्कूली छात्रा से ....

के ग्राम रूपणी निवासी 28 वर्षीय सुनील बंजारा पिता रतनलाल बंजारा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं फेरी का सामान भी जप्त किया है। आरोपी को 5 फरवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्यवाही करने में एएसआई बिंदुलता देवांगन, प्रधान आरक्षक लिहेंद्र देवांगन, कंचन मंडावी एवं सेवती शोरी का योगदान रहा।

### नरहरपुर क्षेत्र में....

विकास की कल्पना अधूरी है। इन 16 मोबाइल टावरों के स्थापित होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और आने वाले समय में विकास की रफ्तार और तेज होगी।

# एलएंडटी के सहयोग से दिया जाएगा मुफ्त कौशल प्रशिक्षण

**कोण्डागांव।** लार्सन एण्ड टुब्रो कन्स्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट पनवेल के सौजन्य से युवाओं के लिए निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न कोर्स में दो माह का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बढ़ईगिरी, राजमिस्त्री, बार बेंडिंग एवं स्टील फिक्सिंग, इलेंट्रिरकल, टाइलिंग तथा वेल्डिंग पाइप जैसे कोर्स शामिल हैं। इस प्रशिक्षण में 10वीं, 12वीं अथवा आईटीआई तक शिक्षा प्राप्त युवक भाग ले सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

■ आज लाइवलीहुड कॉलेज में काउंसलिंग आयोजित

सहायक संचालक, जिला कौशल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण अवधि के दौरान छात्रावास में रहने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। उम्मीदवारों को केवल दरी, चादर एवं अपने नियमित उपयोग के कपड़े साथ लाने होंगे। दो माह का प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत उम्मीदवारों को निःशुल्क आवास सुविधा के साथ न्यूनतम 16 रुपए प्रतिमाह वेतन पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। साथ ही उम्मीदवार की न्यूनतम लंबाई 155 सेमी एवं वजन 45 किलोग्राम होना आवश्यक है। इच्छुक हितग्राही अपने समस्त दस्तावेजशैक्षणिक अंकसूची, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की 3 सत्यापित प्रतियां एवं 4 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो के साथ 6 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, खुडटोबरा रोड डोंगरीपारा, कोण्डागांव में उपस्थित होकर काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सिविल अस्पताल में राज्य स्तरीय दल ने किया मूल्यांकन



**बस्तर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ की कायाकल्प योजना 2025-26 के अंतर्गत आज सिविल अस्पताल भानपुरी में राज्य स्तरीय मूल्यांकन दल द्वारा बाह्य मूल्यांकन का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि सहकर्मी मूल्यांकन में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले अस्पतालों का ही चयन इस अंतिम चरण हेतु किया गया है।

मूल्यांकन के दौरान अस्पताल की उत्कृष्ट स्वच्छता देख संयुक्त संचालक डॉ. महेश सांडिया ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों को संस्था की रीढ़ बताते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और इस स्तर को निरंतर बनाए रखने की बात कही।

इस बाह्य मूल्यांकन हेतु गठित टीम 9 के राज्य स्तरीय विशेषज्ञों में प्रोग्राम मैनेजर सीसी संतोष एवं यूनिसेफ स्टेट कंसलटेंट डॉ. श्रद्धा वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ यूनिसेफ डिविजनल कंसलटेंट मनीष नायक, आरएमएनसीएच जिला सलाहकार प्रसन्न शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण सिंह नाग एवं बीपीएम राजेन्द्र कुमार बघेल ने भी मूल्यांकन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता दी। यह उपलब्धि कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (बस्तर) डॉ. संजय बसाक और डीपीएम डॉ. रीना लक्ष्मी के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। सिविल अस्पताल भानपुरी के प्रभारी डॉ. अमित शर्मा के नेतृत्व में अस्पताल स्टाफ द्वारा निरंतर ऐसे स्वच्छता कार्यक्रमों में भाग लेना उनकी सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

निरीक्षण के दौरान शोभा कांबले (नर्सिंग सिस्टर) सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मुस्तैद रहा। विभागीय अधिकारियों ने सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भानपुरी अस्पताल ने अपनी गुणवत्ता से राज्य में एक मानक स्थापित किया है।

### अपात्र शिक्षकों को प्रधान पाठक में पदोन्नति की तैयारी

**गीदम।** संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर के द्वारा प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया लगभग चार वर्षों के उपरांत प्रारंभ की गई है। इस क्रम में 4 फरवरी को पदोन्नति हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। शिक्षक एल.बी टी संवर्ग, एल.बी.ई संवर्ग एवं नियमित टी. संवर्ग में क्रमशः 1300 , 30 , 235 पदोन्नति हेतु पात्र शिक्षकों की सूची प्रकाशित की गई है। वर्तमान में पदोन्नति हेतु प्रकाशित पात्र सूची में 2022 में प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक शाला में पदोन्नति प्राप्त 216 शिक्षक टीएलबी को नियम विरुद्ध पुनः पात्र सूची में स्थान दिया गया है। यही स्थिति नियमित टी संवर्ग हेतु प्रकाशित पात्र सूची की भी है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम की कण्डिका 15 के अनुसार प्रथम पदोन्नति से इंकार करने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के लिए या अगली रिक्तियों के उद्भूत होने तक जो भी पश्चातवर्ती हो, पदोन्नति हेतु कोई नया प्रस्ताव पूर्व में पदोन्नति से इंकार करने वाले शिक्षकों को नहीं दिया जावेगा।

न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202601104010008/
अ-21(2)/2025-26 ग्राम- भानुप्रतापपुर
प.ह.न.-05 भानुप्रतापपुर

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भानुप्रतापपुर के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि प्रकरण आवेदिका श्रीमती लीला जैन पति मुकेश जैन जाति जैन निवासी संबलपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम भानुप्रतापपुर स्थित अपने भूमिस्वामी हक की व्यवसायिक परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 116/16 रकबा 0.0404 हेक्टर भूमि में से 16.5x66=1089 वर्गफुट परिवर्तित लगान 4923.00 रूपये को व्यवसाय की उन्नति हेतु पैसों की आवश्यकता होने पर अनावेदक क्रेता सम्यक चोपड़ा पिता स्वरूपचंद जैन निवासी संबलपुर तहसील भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास विक्रय करने हेतु 16,00,000/-(सोलह लाख) रूपये में सौदा कर विक्रय अनुमति हेतु कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के समक्ष आवेदन करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत तथा (6ग) की कंडिका (एक) से (छः) के प्रावधान अनुसार जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है। अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 13.02.2026 तक पेश कर सकते है । नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 02.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है ।

मुहर
तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

हरिभूमि की खबर पर लगी मुहर

# बाघ की उपस्थिति से इलाके में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

वनांचल भूमि में छपी बाघ के मौजूदगी की खबर पर वन विभाग की मुहर लग गई है। वन विभाग द्वारा पत्र जारी कर आम जनता को सतर्क रहने के लिए अपील की है।

बचेली दंतेवाड़ा जिला के राजा बंगला क्षेत्र में लगातार बाघ की आवाजाही है। पिछले पांच वर्षो का डेटा देखने से यह स्पष्ट प्रमाणित होता है। इस क्षेत्र के आसपास खनन हेतु मानवीय दखल बढ़ने से बाघ अब गांव की ओर आने लगा है। रिहायशी इलाकों के इतने करीब टाइगर (बाघ) का देखा जाना स्थानीय लोगों के लिए बड़ी चिंता का विषय है। खासकर शाम ढलने के बाद और सुबह जल्दी (अंधेरे में) बाहर निकलने से बचें। अगर बाहर जाना जरूरी हो, तो समूह में जाएं और बात करते रहें या मोबाइल पर गाने बजाएं ताकि जानवर आपकी मौजूदगी जानकर दूर हट जाए। अपने घर के आसपास और रास्तों पर पर्याप्त रोशनी रखें। बाघ अक्सर अंधेरे का फायदा उठाकर छिपते हैं।

अपने मवेशियों या पालतू कुत्तों को रात में खुले में न छोड़ें, उन्हें सुरक्षित बाड़े या घर के अंदर रखें। अगर आपने बाघ को देखा है या उसके पदचिह्न देखे हैं, तो तुरंत स्थानीय रेंजर या वनपाल को सूचित करें। आपातकालीन स्थिति में 112 डायल करें। बाघ से बचने के लिए कभी भी उसकी तरफ पीठ न करें और न ही उसकी ओर दौड़ें। धीरे-धीरे पीछे हटें और ऊंचे स्थान पर जाने की कोशिश करें।

संरक्षित पशु बाघ ताडोबा इंद्रावती टाईगर रिजर्व होते हुए प्रतिवर्ष उदंती के जंगलो तक सफर करता है ऐसे मे जंगल के कुछ स्थान को वन्यजीव के आने जाने हेतु मानव पहुंच से दूर रखना आवश्यक है यह मानव एवं वन्यजीव दोनों के लिए आवश्यक है।

बचेली और दंतेवाड़ा का यह इलाका भौगोलिक रूप से ताडोबा-अंधारी (महाराष्ट्र), इंद्रावती (छत्तीसगढ़) और उदंती-सीतानदी जैसे प्रमुख टाइगर रिजर्व के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करता है। जब खनन या अन्य औद्योगिक गतिविधियों के कारण इन प्राकृतिक रास्तों में बाधा आती है, तो मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति पैदा होती है। बाघ जैसे बड़े शिकारी जीव एक जंगल से दूसरे जंगल तक जाने के लिए दशकों पुराने रास्तों का उपयोग करते हैं। अगर बीच में खनन या बस्तियां बस जाती हैं, तो वे भ्रमित होकर रिहायशी इलाकों में घुस जाते हैं। राजा बंगला और उसके आसपास के जंगलों में नो-गो जोन या सुरक्षित गलियारे बनाना जरूरी है, जहां मानवीय दखल पूरी तरह प्रतिबंधित हो।

आर्थिक विकास जरूरी है, लेकिन अगर यह वन्यजीवों के आवास की कीमत पर होता है, तो अंततः इसका नुकसान स्थानीय निवासियों को ही उठाना पड़ता है।

## न्यायाधीश ने बंदियों को दी कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार आज फैमिली कोर्ट जज हरीश कुमार अवस्थी, एवं सचिव वरिष्ठ जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनन्त दीप तिर्की द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा में बंदियों को विधिक जानकारी दी। फैमिली कोर्ट जज द्वारा बताया गया की भारतीय न्याय संहिता की धारा 82 में प्रावधान है कि जो कोई महिला या पुरुष अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए बिना विधिवत तलाक लिए बिना विवाह करता है तो ऐसे पति या पत्नी को सात वर्ष तक कारावास और जुर्माने तक की सजा होती है तथा दूसरा विवाह अवैध है। कोई पति या पत्नी अपना पूर्व विवाह को छिपा कर दूसरा विवाह करता है तो ऐसे पति या पत्नी को दस वर्ष तक का कारावास और जुर्माना की सजा हो सकता है।

### विद्युत विहीन ग्राम होंगे सौर ऊर्जा से रोशन

# अति दूरस्थ व पहुंच विहीन ग्राम लावा में कलेक्टर ने लगाई चौपाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कुआकोंडा विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित लावा (लौहा) के ग्रामीणों ने कल्पना भी नहीं की थी कि आज जिले के कलेक्टर उनसे आत्मीय संवाद करके ग्राम के बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने की पहल करेगें। किरंदुल मुख्य खनन एरिया से लगभग 8 किलोमीटर दूर दुर्गम पहाड़ी एवं घनघोर वनों से घिरा हुआ लावा गांव

- **रोड कनेक्टिविटी है मुख्य समस्या, ग्रामीणों से किया आत्मीय संवाद**

नैसर्गिक सुंदरता घने जंगल, ऊँचे-ऊँचे पेड़, पक्षियों की मधुर आवाज और छोटे-छोटे नालो की शांत धारा के बीच अवस्थित है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यहां तक पहुंचना आसान नहीं है। पहाड़ों के बीच घुमावदार से गुजरने वाली पक्की डंडी मार्ग ही इसे किरन्दुल मुख्यालय से जोड़ती है।

इस क्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव आज गांव लावा पहुंचे और वहां की जमीनी हकीकत का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरे में विशेष बात यह रही कि कलेक्टर सीईओ सहित अन्य विभागीय अमले भी पहाड़ी उबड़ खाबड़ रास्ते में पदयात्रा करते हुए लावा गावं का सफर तय किया। इस दौरान पहाड़ियां की पकडंडी चलते समय कलेक्टर की मुलाकात अंड़री गांव से आ रहे ग्रामीण लिंगा और कमलेश से हुई। कलेक्टर ने उनसे सामान्य बातचीत करते उनके किरंदुल जाने का कारण पूछा। तो दोनों ग्रामीणों ने बताया कि वे अपने आधार कार्ड में सुधार कराने के लिए किरंदुल जा रहे हैं। कलेक्टर ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दूरस्थ अंचलों के लिए आधार सुधार सहित अन्य जनसेवा सुविधाएं गांव या नजदीकी पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को लंबी दूरी तय न करनी पड़े।

### गांव में होगा अब विकास का सूर्योदय

अगर लावा (लोहा) गांव की बसाहट की बात करे तो यहां मात्र 12 से 15 घर हैं और लगभग 60 से 70 लोग ही निवास करते हैं। सीमित आबादी होने के बावजूद भौगोलिक दुर्गमता के कारण यहां तक शासकीय सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। इस क्रम में गांव पहुँचकर कलेक्टर ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया और उनकी दैनिक समस्याओं व जरूरतों की जानकारी ली। ग्रामीणों ने उनके समक्ष पेयजल की समस्या के साथ-साथ सड़क निर्माण की आवश्यकता, पक्के आंगनबाड़ी, स्कूल, अस्पताल, विद्युत व्यवस्था जैसी आवश्यकताओं प्रमुखता से उठाया। इस पर कलेक्टर ध्रुव ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए नरेगा के माध्यम से पेयजल हेतु गांव में कुआं खोदने, सड़क निर्माण हेतु पहाड़ियों की पगडंडियों के चौड़ीकरण एवं समतलीकरण किए जाने बात कही ताकि दुपहिया एवं सायकल जैसे आवागमन के साधन आसानी से चलाये जा सके। इसके अलावा उन्होंने गांव में ही प्री-फेब्रिकेशन मॉडल के तहत स्कूल, आगंनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक भवन बनाने तथा सौर ऊर्जा के माध्यम से विद्युत व्यवस्था संचालन करने को निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से उनके कृषि के अलावा कुक्कुट, मत्स्य, पशुपालन जैसे रोजगारपरक व्यवसायों को अपनाने पर हर संभव विभागीय मदद देने की बात कही।

### स्वास्थ्य विभाग के टीम ने किया ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच

कलेक्टर के लोहा गांव दौरे के साथ स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के साथ-साथ शिक्षा, पीएचई, आरईएस, पंचायत के मैदानी कर्मचारी भी उक्त गांव पहुंचे इस मौके पर स्वास्थ्य टीम द्वारा जहां ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु दवाइयां वितरित किए गए वहीं आईसीडीएस की टीम ने बच्चों और महिलाओं में पूरक पोषण आहार, टीकाकरण हेतु महिलाओं और बच्चों को चिन्हित किया साथ ही पोषण संबंधित आवष्यक सलाह भी दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने ग्राम में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाने के भी निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर पीडीएस दुकान को किरन्दुल 11-सी स्थल में प्रारंभ करने की बात कही। इस दौरान कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम के हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए भी सीईओ कुआकोंडा को भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि लावा (लौहा) जैसे अंतिम छोर के गांवों का विकास प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। यहां के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार कर तेजी से अमल किया जाएगा। कुल मिलाकर इस दुर्गम्य क्षेत्र में कलेक्टर के इस महत्वपूर्ण दौरे और उनके द्वारा गांव के विकासात्मक पहल से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में उनके गांव में सुविधाओं का विस्तार होगा और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। इस दौरे के दौरान जिला पंचायत सदस्य सोमारु कड़ती एवं अन्य जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, जनपद पंचायत सीईओ मुन्नाराम कश्यप सहित जिले के आला अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## मां संतोषी मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव श्रद्धा व भक्ति के साथ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां संतोषी मंदिर की विधिवत स्थापना 7 फरवरी 2023 को संपन्न हुई थी। इस अवसर पर कोटपाड़ (उड़ीसा) के सुप्रसिद्ध पंडित बजरंग महापात्र महाराज एवं उनके सहयोगी दल द्वारा वैदिक विधि-विधान से पूजन एवं मूर्ति स्थापना कराई गई थी। वर्तमान में मंदिर के स्थायी पुजारी कृष्णमणि महाराज हैं।

मंदिर का निर्माण स्थानीय जनसहयोग द्वारा कराया गया है। वर्तमान में परचनपाल, कोलचुर, बस्तर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं द्वारा गठित मां संतोषी जनकल्याण समिति के सदस्यों के माध्यम से मंदिर का संचालन किया जा रहा है।

मंदिर परिसर में भगवान गणेश और भगवान हनुमान एवं मां संतोषी की सुंदर एवं भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। यह मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-30 से सटा हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में विशेष सुविधा प्राप्त होती है। धार्मिक पर्व-उत्सवों के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है तथा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में मंदिर का वार्षिकोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। समिति द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि श्रद्धालुओं के बीच प्रचलित यह धारणा कि मंदिर में खटाई खाकर जाना मना है या प्रसाद ग्रहण करने के बाद खटाई खाना वर्जित है, पूरी तरह भ्रांति है। पंडितों के अनुसार केवल वही भक्त, जिन्होंने माँ संतोषी जी का उपवास रखा है, उनके लिए खटाई का सेवन वर्जित है। सामान्य श्रद्धालु प्रतिदिन बिना किसी बाध्यता के माता के दर्शन कर सकते हैं। मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव 4 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। 6 फरवरी को महाभिषेक, महाआरती, हवन-पूजन एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया नशे के विरुद्ध जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शाउमावि तोकापाल का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बड़े आरापुर के माशा परिसर में 28 जनवरी से 3 फरवरी तक रखा गया था।

इस शिविर के माध्यम से ग्राम पंचायत के आसपास साफ सफाई किया गया, नल जल निकासी का रास्ता बनाया गया। साथ में स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर ग्रामीणों को समझाया गया कि पानी को बचाया जाये तथा गांव में स्वास्थ्य की देखभाल कर हॉस्पिटल जाना जरूरी है। शाउमावि के माध्यम से सांस्कृति के माध्यम से व नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया जिसका मंगलवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि रामबती भण्डारी जनपद अध्यक्ष तोकापाल, ग्राम सरपंच मोहन कच्छ, संस्था प्राचार्य जय प्रकाश पाठक एवं उप सरपंच डमरू राम ध्रुव ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी हिरेन्द्र तिवारी ने सात दिनों में स्वयं सेवकों द्वारा किये गये श्रमदान, नशा मुक्ति व स्वच्छता पर संक्षिप्त वाचन किया। स्वयं सेवकों ने नशा मुक्ति एवं 'वृक्ष बचाओ' पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक प्रस्तुत किया। ग्राम के प्रत्येक गली व मोहल्ला में जागरूकता अभियान चलाया।

इस अवसर पर पंच गोयदा राम सेठिया, रघुनाथ, रतन कच्छ, चंद्रकांत भण्डारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता रूपसिंग बघेल सहयोगी, सीएसी नरेश कश्यप, शिक्षक हिरेश वर्मा, संतोष कोर्राम, भुनेश्वर कश्यप, भीम सिंह मंडावी, समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, ग्रामवासी, स्वयंसेवक एवं स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे। मंच संचालन शैलेन्द्र सिंह बिसेन ने किया। साथ में शिविर में आये ग्रामीणों को स्व अल्पाहार दिया गया।

# रैली व सभा में सरकार की नीतियों पर तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत इच्छापुर में बुधवार को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत आयोजित कार्यक्रम में विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य चौक से कार्यकर्ताओं, महिला साथियों एवं ग्रामीणों के साथ रैली निकालकर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का नाम बदलकर एवं स्वरूप में परिवर्तन कर मजदूरों के अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। रैली पश्चात आयोजित सभा में जनप्रतिनिधियों द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक बघेल ने कहा कि भले ही आप महात्मा गांधी के नाम से जुड़ी योजना का नाम बदल दें, लेकिन उस मजदूरी से जो पैसा गरीब के हाथ में जाता है, उसमें आज भी गांधी जी की तस्वीर है उस तस्वीर को आप कैसे बदलोगे। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल करते हुए कहा कि मनरेगा में 100 दिन के रोजगार को बढ़ाकर 125 दिन कर देना कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है।

सरकार बताए कि क्या गरीब को साल में सिर्फ 125 दिन ही भूख लगती है बाकी 240 दिन वह क्या करेगा। क्या मजदूर और गरीब इंसान नहीं हैं। बघेल ने कहा कि मनरेगा कोई योजना नहीं बल्कि गरीबों और मजदूरों का अधिकार है, जिसे कमजोर करने की साजिश की जा रही है। बस्तर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों पर प्रहार कर रही है मनरेगा जैसी योजना में बजट कटौती, भुगतान में देरी और नाम परिवर्तन कर जनता को भ्रमित किया जा रहा है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

बस्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गणेश बघेल ने कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि गरीब, किसान और मजदूर के सम्मान की लड़ाई है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर इस आंदोलन को मजबूती देगी।

## 60 साल बेमिसाल एलुमनी मीट पर विद्यालय को मिला विकास का सहयोग



**लोहाण्डीगुड़ा।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लोहंडीगुड़ा में आयोजित 60 साल बेमिसाल एलुमनी मीट के अवसर पर विद्यालय को विकासात्मक सहयोग प्राप्त हुआ। समारोह में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में डीआईजी दंतेवाड़ा कमलोचन कश्यप ने विद्यालय के आईटी लैब एवं पुस्तकालय के विकास हेतु एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये का चेक प्रदान किया। यह चेक पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लोहंडीगुड़ा को औपचारिक रूप से सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक खापर्डे उपस्थित रहे। कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय ने उनके जीवन को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और वे भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करते रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से सुसज्जित करने पर विशेष जोर दिया। प्राचार्य अशोक खापर्डे ने इस सहयोग के लिए कमलोचन कश्यप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह राशि विद्यालय के आईटी लैब एवं पुस्तकालय को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगी। विद्यालय परिवार ने एलुमनी मीट को पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच प्रेरणादायक सेतु बताया।

# कलेक्टर ने लाइब्रेरी भवन, धान खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण

**फरसगांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने गुरुवार को फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन लाइब्रेरी भवन का भी निरीक्षण किया और इसे निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इसके पश्चात उन्होंने फरसगांव धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण कर खरीदे गए धान की गुणवत्ता एवं वजन की जांच की। इस दौरान उन्होंने पीवी के अनुसार शेष धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लंजोड़ा में महतारी सदन भवन के निर्माणाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम फरसगांव अश्वन पुसाम, तहसीलदार जय नाग, जनपद पंचायत सीईओ रूपेन्द्र नेताम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# धनोरा में मानसगान महोत्सव का आयोजन



**धनोरा।** केशकाल ब्लाक के धनोरा में राज्य स्तरीय त्रि दिवसीय मानसगान महोत्सव का आयोजन गुरुवार से प्रारंभ हुआ ।

आयोजन आरंभ करने के पूर्व कलश यात्रा निकाली गयी। नगर भ्रमण व मां शीतला का पूजा आराधना पश्चात कार्यक्रम स्थल पर पंहुचा। जिसमें धनौरा एवं आसपास के ग्राम के ग्राम प्रमुख प्रतिष्ठित जन पंचायत पदाधिकारी एवं महिलाऐं बड़ी संख्या में सहभागी बनी ।

आयोजन में क्षेत्र के तथा प्रदेश के ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया है ।8 फरवरी को समापन होगा । जिसमें सांसद भोजराज नाग, विधायक नीलकंठ टेकाम, पूर्व सांसद तथा तुलसी मानस प्रतिष्ठान के संरक्षक मोहन मंडावी के अलावा अन्य प्रतिष्ठित पदाधिकारीगण का आगमन होगा। आयोजन को भक्तिभावमय एवं भव्य बनाने में अंचल के श्रद्धालुजन पूरे समर्पित भाव से जुटे हुए हैं ।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### वाहन की ठोकर से युवक की हुई मौत, मामला दर्ज

**कांकेर**। थाना कोरर क्षेत्र अंतर्गत मर्ग क्रमांक 10/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्राप्त डायरी के आधार पर पुलिस द्वारा मर्ग जांच की गई। जांच के दौरान पता चला कि 29 जनवरी को मृतक रैनसिंह मरकाम राधा स्वामी आश्रम के पास मेन रोड पर जा रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई। हादसे में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच उपरांत आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 एवं 106 बीएनएस के तहत अपराध घटित होना पाया गया।

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर**। लोहत्तर थानांतर्गत कोहकाहंड़ी और सोनादाई जाने वाले मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक सिलपट निवासी 45 वर्षीय रामलाल पुरामे पिता स्व. रघुनाथ पुरामे का मौत 26 जनवरी को सोनादई जाने वाली रोड कोहकाहंड़ी मंदिर के पास शाम करीबन साढ़े 7 बजें अज्ञात वाहन के चालक द्वारा एक्सीडेंट करने से आई गंभीर चोट के कारण हुआ। पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### उमरादहा में 6 को और नावडरी को मेला 7 को

**बनसागर**। क्षेत्र में मेलों का आयोजन ग्रामीण संस्कृति और आपसी मेलजोल का प्रतीक होता है। इसी कड़ी में आगामी 6 और 7 तारीख को क्षेत्र के दो प्रमुख स्थानों पर भव्य मेलों का आयोजन होने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उमरादहा में 6 तारीख को मेले का आयोजन किया जाएगा, जबकि नावडरी में 7 तारीख को मेला भरेगा। इन आयोजनों को लेकर बनसागर, किशनपुरी, पंडरीपानी, चरभट्टी, भर्रीटोला, लिलवापहर और नावडरी सहित आसपास के ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। उमरादहा में मेले के अवसर पर विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है, जो रात भर चलेगा। इस आयोजन की विस्तृत जानकारी क्षेत्र के सक्रिय सदस्य सलीम नेताम, कुशाली नेताम, दुर्गेश जैन, द्रोणाचार्य नाग, विकास पटेल और तेज सिंह द्वारा साझा की गई है।

### आईटीआई कांकेर में प्लेसमेंट कैम्प 09 को

**कांकेर**। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र कांकेर में अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट कैंप का आयोजन एनएपीएस के द्वारा 09 फरवरी को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में कोपा, विद्युतकार, फिटर, वेल्डर एवं मैकेनिक डीजल के पासआउट प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हो सकते हैं।

### जैविक एवं औषधीय खेती के लिए जिले में ठोस पहल शुरू

**पखांजूर**। खरीफ वर्ष 2026 के मद्देनजर परिषद के जिला अध्यक्ष बलाई बोस और विक्की मंडल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस टूटेजा से मुलाकात कर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की। बैठक में उन्नत बीजों के चयन, जैविक खाद के उपयोग और प्राकृतिक कीट नियंत्रण की आधुनिक तकनीकों पर जानकारी साझा की गई। रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करना और किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफे वाली फसलों जैसे औषधीय पौधे की ओर प्रेरित करना। पिछले वर्ष के प्रशिक्षण से उत्साहित होकर इस बार अधिक किसानों को इस अभियान से जोड़ने की योजना है। इस पहल से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के साथ कांकेर को कृषि क्षेत्र में एक नई पहचान मिलेगी।

# हरिभूमि-आईएनएच जिला संवाद की गरिमा बढ़ाने वाले अतिथियों का मोमेंटो से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हरिभूमि–आईएनएच द्वारा आयोजित जिला संवाद कार्यक्रम ने सामाजिक, प्रशासनिक और बौद्धिक विमर्श को एक सशक्त मंच प्रदान किया। कार्यक्रम की गरिमा और प्रभाव को और अधिक ऊँचाई देने वाले अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। यह सम्मान न केवल अतिथियों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक था, बल्कि समाज के प्रति उनके योगदान और सकारात्मक भूमिका की भी सार्वजनिक सराहना थी।

जिला संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य जिले से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, विकास की संभावनाओं, प्रशासनिक चुनौतियों और जनसरोकारों पर सार्थक संवाद स्थापित करना रहा। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने विचार साझा किए और जिले के समग्र विकास को लेकर उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और प्रबुद्ध नागरिकों ने संवाद को अत्यंत सार्थक और प्रेरणादायक बनाया। कार्यक्रम के समापन सत्र में हरिभूमि–आईएनएच की ओर से अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान आयोजकों ने कहा कि अतिथियों की सक्रिय भागीदारी और विचारशील वक्तव्यों से जिला संवाद को नई दिशा और ऊर्जा मिली है। अतिथियों ने भी हरिभूमि–आईएनएच के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे लोकतांत्रिक संवाद की मजबूत कड़ी बताया। अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के संवादात्मक कार्यक्रम न केवल जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं, बल्कि समाज को सकारात्मक सोच और समाधान की ओर भी प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण, गरिमामय आयोजन और सार्थक चर्चाओं के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।


विधायक विक्रम उसेंडी को पार्षद हितेंद्र खटवानी मोमेंटो देते हुए


विधायक आशाराम नेताम को व्यापारी रवि लालवानी


विधायक सावित्री मंडावी को भानुप्रतापपुर हरिभूमि प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय एवं सुमित पंजाबी मोमेंटो देते हुए


नपा अध्यक्ष अरूण कौशिक को दसपुर प्रतिनिधि तोरण एवं सन्नी खटवानी मोमेंटो देते हुए




एआईसीसी सचिव को अंतागढ़ प्रतिनिधि घनश्याम यादव एवं रोहित मोटवानी मोमेंटो देते हुए


प्रायोजक सन्नी मोबाईल का हुआ सम्मान


प्रायोजक जयहिंद रेस्टोरेंट का हुआ सम्मान


प्रायोजक बाफना रिसोर्ट के मैनेजर विकास जैन का हुआ सम्मान


प्रायोजक श्री वृंदावन स्वीट्स के डायरेक्टर भरत केशवानी का हुआ सम्मान


प्रायोजक आरएस हार्डवेयर का हुआ सम्मान


प्रायोजक छत्तीसगढ़ इनोवेशन का हुआ सम्मान



प्रायोजक एपीजे के डायरेक्टर अजय जैन का हुआ सम्मान


प्रायोजक योगेश साउंड के डायरेक्टर योगेश जैन का हुआ सम्मान

### कार्यक्रम को सफल बनाने में बेहतर भूमिका निभाई

कार्यक्रम को सफल बनाने में आईएनएच के रायपुर मार्केटिंग हेड आदर्श श्रीवास्तव, न्यूज एडीटर सोनल भारद्वाज के अलावा हरिभूमि कांकेर जिले की टीम में ब्यूरो हेड विजय कुमार पाण्डेय, मार्केटिंग हेड विशाल आसवानी, सरकुलेशन हेड पोखेंद्र साहू, प्रशांत पटेल, लोकेश्वर सेन धनेलीकन्हार, धर्मेंद्र जैन कोरर, अभिषेक पाण्डेय भानुप्रतापपुर, घनश्याम यादव अंतागढ़, पल्लव मंडल पखांजुर, श्रवण यादव कोयलीबेड़ा, लोकेश बारसागढ़े चारामा, हाटकोंगेरा भुवन नाग, तोरण दसपुर, सूरज मंडावी सरोना, दीनदयाल साहू दुधावा, चंद्रभान साहू बासनवाही की अहम भूमिका रही।

# मनुष्य को पग-पग पर गुरु की पड़ती है आवश्यकता : आशुतोष चैतन्य महाराज



**कांकेर**। ठेल्काबोड़ में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक आशुतोष चैतन्य महाराज ने कहा की मनुष्य को जीवन में पग पग पर गुरू की आवश्यक्ता होती है। सबसे पहली गुरू होती है मां जो अपने ममता के छांव में पालकर संस्कार तथा प्रेम का पाठ सिखाती है। दूसरे गुरू हमारे जीवन में पिता होते हैं क्योंकि अगर पिता नहीं होंगे तो मां कहां से होगी। पिता ही हमें जीवन में आगे बढ़ने तथा संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। इसके बाद हमारे जीवन में आते हैं शिक्षा रूपी गुरू जो हमें ज्ञान देते हैं तथा इसके बाद दीक्षा रूपी गुरू होते हैं जो हमारी आत्मा को सीधे परमात्मा से जोड़ देते हैं।

कथा के तीसरे दिन आशुतोष चैतन्य महाराज ने कहा कि अवतार कथा, प्रहलाद चरित्र दशावतार वर्णन किया। एक प्रसंग सुनाते कहा कि गुरू के बिना जीवन बैरंग डाक की तरह होता है। जीवन में दीक्षा रूपी गुरू मिल जाए तो मन रूपी डाक सीधे ईश्वर से जुड़ जाती है। कथावाचक ने कहा की सबसे जरूरी है जीभ पर नियंत्रण करना। क्योंकि जैसा हम पीते हैं पानी वैसी होती है हमारी वाणी जबकि जैसा हम खाते हैं अन्न वैसा हो जाता है हमारा मन। इसलिए पानी को हमेशा शुद्ध करके तथा भोजन हमेशा सादा तथा सीमित मात्रा में खाना चाहिए। जीवन में अति हमेशा खराब होती है। एक उदाहरण बताते कहा गांव का एक आदमी बारात में शहर आया। शहर में बफे सिस्टम प्रचलन में है जहां उसे कुछ समझ नहीं आया तो गुलाब जामुन एक एक कर सौ से अधिक खा गया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़नी शुरू हुई जिसके बाद उसे डाक्टर के पास ईलाज के लिए ले जाना पड़ा। अनियंत्रित खानपान मनुष्य को मुसीबत में डालने का काम करता है। जीवन में सबसे अधिक जरूरी है मन पर नियंत्रण करना जिसके लिए सबसे बेहतर उपाय है योग करना। योग करने के जीवन में अनेक फायदे हैं। योग करने से मनुष्य रोग से दूर रहता है साथ ही योग मन की चंचलता को भी वश में करके रखता है। मन की चंचलता पर नियंत्रण के लिए जरूरी होता है विवेक रूपी हथौड़ा जो हमें सत्संग, योग करने के अलावा कथा सुनने से मिलता है। कथा में आयु बढ़ाने की विधि बताते कहा की इसका एकमात्र उपाय है प्राणायाम करना। प्राणायाम करने के लिए सांस को रोक कर रखना पड़ता है। जितनी देर हम सांस रोक कर रखते हैं उतनी हम सांस कम लेते हैं। रोजाना अगर दो घंटे प्राणायाम करें तो लगभग डेढ़ घंटे सांस रोक कर रखते हैं। यानी हम प्राणायाम करके रोजाना डेढ़ घंटे अपनी आयु बढ़ा सकते हैं। रोजाना डेढ़ घंटे के अनुपात से हम साल में 25 दिन अपनी आयु बढ़ा सकते हैं। ऋषि मुनी अपने जीवन में रोजाना घंटो प्राणायाम करते थे जिससे उनकी आयु बहुत अधिक होती थी।

कथा के दौरान कहा की मनुष्य को योग भी गुरू के मार्गदर्शन में करना चाहिए क्योंकि वही हमें प्राणायाम करने की सही विधि बताएंगे। गलत विधि से प्राणायाम करने से फायदे की जगह उल्टे नुकसान होगा। प्राणायाम करते समय हमेशा पहली बार सांस को उदर यानी पेट में रोकना चाहिए। दुसरी बार सांस को सीने में तथा तीसरे बार सांस को मष्तिष्क में रोकना चाहिए।

# छापरपारा में भालुओं का आतंक, सीसीटीवी में दीवार फांदते और दरवाजा तोड़ते फोटो कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

जंगल से सटे रिहायशी इलाकों में वन्यजीवों की बढ़ती दखल ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। कोटलभट्टी सहायक वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम छापरपारा में इन दिनों भालुओं का एक दल काल बनकर मंडरा रहा है। भालुओं के इस दल ने न केवल गांव में डेरा जमा लिया है, बल्कि अब वे हिंसक होकर घरों पर हमला भी कर रहे हैं। भालुओं की इस सक्रियता से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और शाम होते ही गांव में अघोषित कर्फ्यू जैसी स्थिति बन जाती है।

ताजा मामला चन्द्रभान साहू बबलू के घर का है, जहाँ बीती रात भालुओं के दल ने धावा बोला। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह भालू निडर होकर घर के मुख्य द्वार गेट को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। चन्द्रभान साहू ने बताया कि भालू काफी देर तक फाटक को झकझोरते रहे और अंदर घुसने की कोशिश करते रहे। गनीमत रही कि समय रहते परिजनों की नींद खुल गई और शोर मचाने पर भालू भाग निकले, अन्यथा कोई बड़ी अनहोनी हो सकती थी। ग्रामीणों का कहना है कि भालू अब केवल भोजन की तलाश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुँचा रहे हैं। लोहे और लकड़ी के मजबूत फाटकों को तोड़ना उनके लिए आम बात हो गई है। घर में घुसने के बाद वे रसोई और भंडार गृह को निशाना बनाते हैं। तेल के डिब्बे खाली करना और गुड़ की डलियाँ चट कर जाना उनकी आदत बन चुकी है। जो सामान वे खा नहीं पाते, उसे बुरी तरह तहस-नहस कर देते हैं, जिससे गरीब ग्रामीणों को भारी आर्थिक क्षति हो रही है। छापरपारा में स्थिति यह है कि सूरज ढलते ही लोग अपने घरों में कैद हो जाते हैं। महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा सहमे हुए हैं। सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम न होने के कारण ग्रामीण खुद ही लाठी-डंडे और टॉर्च लेकर घर से बहार निकलते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रात के समय वन्यजीवों की मौजूदगी के बावजूद वन विभाग की टीम मौके पर नजर नहीं आती, जिससे लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग के प्रति भारी नाराजगी जाहिर की है। क्षेत्रवासियों की मांग है की प्रभावित क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त तुरंत बढ़ाई जाए। आतंक मचा रहे भालुओं को पकड़कर गहरे जंगल में छोड़ा जाए।



# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से तीन घायलों में एक गंभीर

**कांकेर**। सरोना थाना क्षेत्र अंतर्गत बुदेली चौक करप के पास तेज गति और लापरवाही से चल रही मोटर सायकल की टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हादसे में एक युवक के पैर में गंभीर चोट आने के कारण उसे विशाखापट्टनम स्थित निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ रहा है।

धमतरी जिला के सिहावा थानांतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी 48 वर्षीय हेमलता पति देवव्रत सिंह अपनी बहन कांकेर निवासी जमुना ठाकुर के निधन के बाद अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने 22 नवंबर को अपने देवर के पुत्र भवानी शरण गौतम उर्फ सत्यम के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 बीए 8462 से सिहावा से कांकेर जा रही थीं। दोपहर लगभग ढाई बजे जब वे बुदेली चौक ग्राम करप के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 1997 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटर सायकल को साइड से टक्कर मार दी। हादसे में भवानी शरण गौतम के दाहिने पैर, हाथ, सीने सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, वहीं हेमलता गौतम को बाएं हाथ, भुजा एवं अन्य हिस्सों में चोटें लगीं।

टक्कर के बाद उक्त मोटर सायकल चालक ने पीछे चल रही एक अन्य मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 सीजेड 6805 को भी टक्कर मार दी, जिससे उसके चालक को भी चोटें आईं। घटना के बाद राहगीरों की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलो को हायर सेंटर रिफर किया गया। युवक के पैर में गंभीर चोट होने के कारण वर्तमान में उसका विशाखापट्टनम के अस्पताल में जारी है।

पीड़िता ने बताया कि इलाज के चलते वह बाहर होने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी। इलाज उपरांत 4 फरवरी को थाना सरोना पहुंचकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 1997 के चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125 (ए) बीएनएस एवं 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# वन मार्ग मरम्मत में भ्रष्टाचार की जाँच अधूरी पश्चिम डीएफओ को जांच की कमान

**भानुप्रतापपुर**। पूर्व वनमंडल अंतर्गत भानुप्रतापपुर परिक्षेत्र के ग्राम बांसला, कच्चे व आसूलखार सर्किल में वन मार्ग सड़को तथा पुलियों के निर्माण व मरम्मत कार्य के नाम पर वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 में लाखो रुपए आहरण कर लिया गया, जबकि मौके पर बिल्कुल भी कार्य नहीं हुआ है, जिसकी शिकायत पर जाँच का आदेश जून 2025 में दे दिया, पर अब तक जाँच पूर्ण नहीं की गई है।

जानकारी के अनुसार जाँच को कागजो में पूर्ण कर नस्तीबद्ध कर दिया गया है और दोषियों को बचाया गया है। इसके पहले भी भानुप्रतापपुर परिक्षेत्र में तालाब निर्माण, डैम निर्माण, भवनों की रंगाई- पोताई, पौधारोपण, भू जल संरक्षण जैसे कार्यों में अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायते सामने आ चुकी चुकी है, लेकिन एक भी मामले की स्वतंत्र जांच नहीं हुई है। शिकायतकर्ताओं ने जल्द कार्यवाही नहीं होने पर जनआंदोलन की चेतावनी दी गई है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि विगत 2 वर्षों में वनमंडल पूर्व भानुप्रतापपुर अंतर्गत भानुप्रतापपुर परिक्षेत्र में बड़े पैमाने पर फर्जी बिल व्हाउचर बनाकर करोड़ों की राशि बंदरबांट की गई है। आरटीआई लगाने के बावजूद जानकारी नहीं दी जा रही है जो किसी बड़े भ्रष्टाचार की और इंगित करता है। शिकायत की जाँच शिकायतकर्ताओं के समक्ष कराए जाने की माँग की गई है पर अधिकारी जाँच करने से कतरा रहे है। ग्राम बांसला में बिना किसी कार्य के लगभग 40 लाख रुपए वन मार्ग मरम्मत व दुरुस्ती के नाम पर आहरण कर लिए गए है। इसी तरह बारिश के पूर्व शासकीय भवनों की मरम्मत व रंगाई पोताई के नाम पर भी 60-70 लाख रुपए खर्च दिखाया गया है, जबकि कुछ ही भवनों में वाटर प्रूफिंग का कार्य हुआ है।




पूर्व वनमंडल के वन मार्गो में भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर मुख्य वन संरक्षक कांकेर राजेश चंदेले ने अपने पत्र क्रमांक नि.स. शिका.सीधे 7060 कांकेर 16 अक्टूबर 2025 के माध्यम से वृत्त कार्यालय के संलग्न अधिकारी लखन लाल नागेश को जाँच का आदेश दिया है और 15 दिवस के भीतर जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया था।




